after the essential repairs of important Monuments within the limitations of funds available for the purpose.

The Antiquities (Export Control) Act, 1947, prohibits export of antiquities except under a licence granted by central Government. Nevertheless, occasionally, cases of smuggling of antiquities abroad have come to Government's notice and suitable action is being taken in such cases.

(c) Does not arise.

PAKISTANI TOURISTS

4869. SHRI R.S. VIDYARTHI : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) the number of Pakistani tourists who visited Indian tourist centres during the last 5 years, year-wise and State wise, separately ;

(b) the number of such tourist who did not return to Pakistan so far ;

(c) whether Government are keeping a watch on their activities in India ; and

(d) the number of Pakistani tourists arrested during the period for their anti-Indian activities ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS : (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : (a) to (d) . The information is being collected and will be laid on the Table of the House as soon as it is available.

शिक्षा मंत्रालय में अनुसूचित जातियों के अधिकारी

4870. श्री रामचरण : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) शिक्षा मंत्रालय में उपशिक्षा सलाहकारों, सहायक शिक्षा सलाहकारों, शिक्षा अधिकारियों और सहायक शिक्षा अधिकारियों की संख्या कितनी है; और

(ख) उनमें अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिम जातियों के व्यक्तियों की संख्या कितनी है ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) और (ख). अपेक्षित सूचना नीचे दी जाती है :-

पद	अधिकारियों की संख्या	अनुसूचित आदिम जाति कबीलों से सम्बन्ध रखने वाले अधिकारियों की संख्या
उप शिक्षा सलाहकार	12	कोई नहीं
सहायक शिक्षा सलाहकार	26	5
शिक्षा अधिकारी	17	2
सहायक शिक्षा अधिकारी	15	2

दिल्ली में सब-रजिस्ट्रार

4871. श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :
श्री ब्रह्मानन्द जी :
डा० सूर्य प्रकाश पुरी :
श्री रामगोपाल शालवाले :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में बिल्डिंग रजिस्ट्रार के कार्यालय में तीन सब-रजिस्ट्रार थे;

(ख) क्या हाल ही में एक और सब-रजिस्ट्रार की नियुक्ति की गई है;

(ग) क्या यह भी सच है कि उपरोक्त चौथे सब-रजिस्ट्रार के लिये शाहदरा में एक नया कार्यालय खोला जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो इसका औचित्य क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) दिल्ली में इस समय तीन सब-रजिस्ट्रार हैं । दो सब-रजिस्ट्रारों के कार्यालय पुराने न्यायालय भवन,

काश्मीगरी गेट में तथा एक का आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली में स्थित है।

(ख) से (घ). दिल्ली प्रशासन, कार्य की माला में वृद्धि को देखते हुए एक और सब-रजिस्ट्रार की नियुक्ति के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। वह इस प्रश्न पर भी विचार कर रहा है कि नये सब-रजिस्ट्रार का कार्यालय कहां स्थापित किया जाये।

उत्तर प्रदेश के तीर्थयात्री

4872. श्री ब्रह्मानन्द जी : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न तीर्थ स्थानों पर तीर्थ यात्रा हेतु गये भोले यात्रियों को वहां की पुलिस डाके आदि के झूठे मामलों में फंसा लेती है; और

(ख) यदि हां, तो पुलिस को ऐसी ज्यादतियां करने से रोकने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख). उत्तर प्रदेश सरकार से सूचना एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होने पर सदन के सभा-पटल पर रख दी जायगी।

आसाम में हुए दंगे

4873. श्री रामगोपाल शालवाले : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आसाम में वास्तव में दंगे होने से पहले 24 जनवरी, 1968 को एक गुप्त बैठक में 26 जनवरी, 1968 को दंगे कराने का षडयंत्र रचा गया था;

(ख) क्या यह भी सच है कि कुछ प्रमुख चीनी तथा पाकिस्तानी अधिकारियों ने भी उस बैठक में भाग लिया था;

(ग) क्या यह भी सच है कि पाकिस्तान समर्थक तथा चीनी-समर्थक लोगों की दुकानों को दंगाइयों ने लूटा था; और

(घ) यदि हां, तो इस मामले में पाकिस्तान समर्थक तथा चीनी-समर्थक लोगों के विरुद्ध सरकार ने क्या कार्यवाही की है?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार सर्व गौहाटी विद्यार्थी संघ की एक गुप्त बैठक में गौहाटी में 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस समारोह का बहिष्कार करने का निर्णय किया गया था। यह ज्ञात नहीं है कि इस बैठक में 26 जनवरी, को दंगे कराने का निर्णय भी किया गया था।

(ख) जी नहीं, श्रीमान्।

(ग) अभी तक यह सूचना नहीं है कि दंगाईयों ने अभिकथित पाकिस्तान समर्थक तथा चीन-समर्थक की दुकानों को नहीं लूटा।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

आर्थिक आयोजन के अनुरूप शिक्षा

4874. श्री रामावतार शर्मा : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् के महा-निदेशक डा० आत्मा राम, द्वारा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अपने दीक्षांत भाषण के दौरान दिये गये इस सुझाव की ओर दिलाया गया है कि देश की वैज्ञानिक और तकनीकी शिक्षा का ढांचा आर्थिक आयोजन के अनुरूप बनाया जाना चाहिये; और

(ख) यदि हां, तो सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया है?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) जी हां।

(ख) सुझाव अच्छा है और तकनीकी शिक्षा के विस्तार और विकास के कार्यक्रम बनाने में उसका अनुसरण किया जा रहा है।